आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 27.04.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- चार धाम यात्रा में उमड़ा रहा आस्था का सैलाब। अब तक दो लाख 38 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।
- शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने नगर निगम रूद्रपुर के अंतर्गत लगभग 12 करोड़ रुपए लागत की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।
- कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में लम्बे समय बाद पर्यटक एक बार फिर से पूरे दिन जंगल सफ़ारी कर सकेंगे।
- मौसम विभाग ने राज्य के मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक रहने का येलो अलर्ट जारी किया। देहरादून में सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। अब तक 2 लाख 38 हजार से अधिक श्रद्धालु चारों धाम के दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ धाम में सबसे अधिक एक लाख 24 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं, जबकि गंगोत्री, यमुनोत्री और बदरीनाथ धाम में भी श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शासन–प्रशासन ने चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। यात्रा को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी कड़ी में रुद्रप्रयाग की पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने केदारनाथ बेस कैंप से लेकर गौरीकुण्ड तक के प्रमुख पड़ावों– लिंचोली, भीमबली और जंगलचट्टी स्थित पुलिस चौकियों का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा प्रबंधों, यातायात व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े सभी पहलुओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस बल से संवाद कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का फीडबैक लिया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए। साथ ही श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं, सुझावों और यात्रा अनुभव के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने घोड़ा–खच्चर संचालकों से भी वार्ता कर संचालन व्यवस्था, मार्ग प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी फीडबैक लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन फीडबैक के आधार पर व्यवस्थाओं को और अधिक सुगम व प्रभावी बनाया जाए, ताकि सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके।

शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने ऊधमसिंह नगर जिले के नगर निगम रूद्रपुर के अंतर्गत लगभग 12 करोड़ रुपए लागत की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही त्रिशूल चौक, वेंडिंग जोन और कूड़ा निस्तारण के लिए बने लिगेसी वेस्ट का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर श्री कैड़ा ने महापौर और नगर निकायों के अध्यक्षों के साथ वर्चुअल बैठक कर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए उनकी प्रगति जानी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में राज्य की समस्त नगर पंचायतों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

<u>पासपोट केंद्र/पिथौरागढ़</u>

सीमांत जिले पिथौरागढ़ में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट परिसर में केंद्र के लिए स्थान आवंटित किया है, जहां पोस्ट ऑफिस कार्यालय का संचालन भी शुरू हो गया है। साथ ही पासपोर्ट सेवा केंद्र के लिए आवश्यक कार्य भी पूरे कर लिए गए हैं। जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने प्रस्तावित केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पासपोर्ट सेवा केंद्र को जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

<u>जंगल सफ़ारी</u>

नैनीताल जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में करीब एक दशक बाद पर्यटकों को एक बार फिर से पूरे दिन जंगल सफ़ारी का रोमांच मिलने जा रहा है। पार्क प्रशासन ने बिजरानी और झिरना ज़ोन में पूरे दिन सफ़ारी शुरू करने का निर्णय लिया है। अब तक कॉर्बेट रिजर्व के दुर्गादेवी, गर्जिया, बिजरानी, ढ़ेला और झिरना सहित करीब छह जोन में सुबह और दोपहर की दो पाली में सफ़ारी कराई जाती है। पार्क निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि सफ़ारी के प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है। इसके तहत बिजरानी और झिरना ज़ोन में दो–दो जिप्सियों से पर्यटकों को पूरे दिन जंगल सफ़ारी कराई जाएगी। इसके लिए जिप्सियों को सुबह की पाली में ही प्रवेश दिया जाएगा।

पार्क निदेशक ने उम्मीद जताई इससे जहां पर्यटक, प्रकृति को करीब से महसूस कर पाएंगे, वहीं पार्क प्रशासन के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

मौसम

मौसम विभाग ने आज राज्य के मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग की चेतावनी के मद्देनजर आज देहरादून में सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्र में अवकाश घोषित किया गया। वहीं, मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलो में कहीं–कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश और चार हजार मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना भी जताई है।

रेखा आर्य

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि महिला आरक्षण के विरोध में विपक्षी दलों के रुख से महिलाओं में आक्रोश है। इस जनभावना को अभिव्यक्ति देने के लिए कल 28 अप्रैल को विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र आहूत किया गया है। श्रीमती आर्या ने बताया कि इसके अतिरिक्त कल शाम छह बजे महिलाएं और भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता एक मशाल जुलूस निकालेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी प्रदेश कार्यालय पर इस मशाल रैली की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा की गई।